**मध्य प्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल**

क्रमांक/ Agr)11)0099/2021\14-2(Cn-56600)| 1467 भोपाल, दिनांक 7)10/2024

**स्टेट स्टीयरिंग कमेटी बैठक दिनांक 30-08-2024 का कार्यवाही विवरण**

खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) युनाईटेड नेशन के सहयोग से ग्लोबल इन्वायरमेंट फेसिलिटी (जी.ई.एफ.) अंतर्गत ग्रीन एग्रीकल्चर: ट्रांसफार्मिंग इंडियन एग्रीकल्चर फॉर ग्लोबल इन्वायरमेंटल बेनिफिटस एंड दी कन्सर्वेशन ऑफ क्रिटिकल बायोडायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट लैंड स्केप प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन प्रदेश के श्योपुर एवं मुरैना जिले के चिन्हित क्षेत्र में किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट की राज्य स्तरीय संचालन समिति (SSC) की तृतीय बैठक मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 30/08/2024 को प्रातः 11:30 बजे मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल में संपन्न हुई, जिसमे निम्नलिखित अधिकारी सम्मिलित हुए:

| क्रमांक | अधिकारी का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री एम. सुलेमान | कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र. शासन, मंत्रालय, भोपाल |
| 2 | श्री मलय श्रीवास्तव | अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| 3 | श्री अजीत केसरी | अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग |
| 4 | श्री अशोक बर्णवाल | अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, वन विभाग |
| 5 | श्री अनुपम राजन | प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग |
| 6 | श्री मनीष रस्तोगी | प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, वित्त विभाग |
| 7 | डॉ. ई. रमेश कुमार | प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग |
| 8 | श्री एम. सेल्वेन्द्रन | सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग |
| 9 | श्री सुदीप सिंह | सदस्य सचिव, जैव विविधता बोर्ड |
| 10 | सुश्री सुफिया फारूकी | अपर सचिव, म.प्र. शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग |
| 11 | श्री अजय गुप्ता | संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास |
| 12 | श्री तरूण भटनागर | उप सचिव, म.प्र. शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग |
| 13 | श्री लोकेश कुमार जांगिड | कलेक्टर, जिला श्योपुर |
| 14 | श्री अंकित अस्थाना | कलेक्टर, जिला मुरैना |
| 15 | श्री कोन्डा चावा | FAO प्रतिनिधि, नई दिल्ली |
| 16 | डॉ. मनोज मिश्रा | नेशनल टेक्नीकल कॉर्डिनेटर, FAO, NPMU, नई दिल्ली |
| 17 | डॉ. एस.एस. कुशवाह | वरिष्ठ वैज्ञानिक, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) |

बैठक में प्रोजेक्ट अंतर्गत की गई गतिविधियों एवं वर्तमान में चल रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गईः-

1. बैठक की शुरूआत में संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट का ओवरव्यू प्रस्तुत करते हुये प्रोजेक्ट का संक्षिप्त परिचय दिया। जिस पर कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय द्वारा प्रोजेक्ट का सार पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के लिये विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ कंवर्जेन्स का प्रोजेक्ट होने की बात कहीं।
2. बैठक में प्रोजेक्ट के विभिन्न घटकों के अंतर्गत किये जा रहे कार्य की प्रगति, पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया।
3. सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सभी विभागों से प्रोजेक्ट में कंवर्जेन्स की अपेक्षा की गई तथा विभाग स्तर से जिलों को निर्देश देने का अनुरोध किया। जिस पर उपस्थित अधिकारिगणों ने सहमति दी।
4. बैठक में प्रोजेक्ट अंतर्गत वर्ष 2023-24 का एन्यूअल वर्कप्लान व बजट तथा प्रोक्योरमेन्ट प्लान प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा उक्त का कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया।
5. प्रोजेक्ट अंतर्गत वर्ष 2024-25 का एन्यूअल वर्कप्लान व बजट तथा प्रोक्योरमेन्ट प्लान प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा उक्त का कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया।
6. प्रोजेक्ट के क्षेत्र की अनडुलेटेड लैंड होने, प्रोजेक्ट स्टाफ एवं रेगुलर स्टॉफ की फील्ड में नियमित विजिट तथा राज्य के बाहर की विजिट हेतु प्रोजेक्ट अंतर्गत संशोधित यात्रा भत्ते की दरों का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। जिस पर समिति द्वारा प्रस्ताव को वित्त विभाग से परीक्षण कराये जाने को कहा गया। वित्त विभाग के परीक्षण उपरांत लागू होगा।
7. प्रोजेक्ट अंतर्गत डॉक्यूमेन्ट को हिन्दी एवं अंग्रेजी में तैयार करने के लिये प्रोजेक्ट में Contractual एक Translator एवं जिला श्योपुर व मुरैना में उप संचालक कृषि के अधीन एक-एक कम्प्यूटर ऑपरेटर रखे जाने का अनुमोदन दिया गया।
8. मुख्य सचिव महोदया द्वारा प्रोजेक्ट की रेगुलर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया साथ ही निर्देशित किया कि राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा भी प्रोजेक्ट क्षेत्र का भ्रमण किया जावे एवं यथार्थ रूप से गतिविधियां पूर्ण की जावे। आगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराया जावे।
9. प्रोजेक्ट अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न शासकीय एजेंसियों जैसे IIFM, IISS अथवा अन्य द्वारा अग्रिम राशि की मांग की जाती है। इस हेतु शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्थाओं को दिये जाने वाले अग्रिम की 50% तक राशि भुगतान का अधिकार संचालक, किसान कल्याण और कृषि विकास को दिया जाना प्रस्तावित किया। जिसका समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया।
10. बैठक में VC के माध्यम से वर्चुअली कलेक्टर जिला श्योपुर एवं मुरैना उपस्थित हुये जिसमें कलेक्टर जिला श्योपुर द्वारा अवगत कराया कि दिनांक 28-08-2024 को प्रोजेक्ट के संबंध में संबंधित विभागों तथा FAO की टीम के साथ बैठक भी की गई। जिसमें गतिविधियों के शीघ्र क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। हाल ही में NDDB द्वारा क्षेत्र में दुग्ध की उपलब्धता, वर्तमान स्थिति तथा वेल्यू चैन डेवलपमेन्ट की संभावनाएं ज्ञात करने के लिये लैंडस्केप का भ्रमण किया गया है साथ ही अवगत कराया कि Village Implementation Committee (VIC) इसी वर्ष बनाई गई है। VIC की केपेसिटी बिल्डिंग, ट्रेनिंग एवं कार्यक्षमता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

11. कलेक्टर जिला मुरैना द्वारा बताया गया कि मुरैना जिले में दुग्ध उत्पादन अधिक है, यहां पर भदावरी नस्ल की भैंस अधिक पाली जाती है। जिसके दुग्ध में फेट की मात्रा अधिक है। प्रोजेक्ट के माध्यम से क्षेत्र में दुग्ध कनेक्शन सेंटर, पशु शेड तथा चारा उत्पादन पर कार्य किया जाना चाहिए। NDDB के साथ किये जा रहे संयुक्त प्रयास से ग्रामीणों को फायदा होगा साथ ही रेवाईन क्षेत्र होने से वाटर शेड का कार्य करने की आवश्यकता है। प्रोजेक्ट अंतर्गत क्षेत्र में देसी बाजरे का बीज किसानों के खेतों पर लगवाया गया है।
12. मुख्य सचिव महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रोजेक्ट के Tangible Target तय किये जाये तथा सभी विभागों से इन टारगेट के अनुरूप कंवर्जेन्स करते हुये प्रोजेक्ट को implement किया जाये, इन टारगेट की समय-सीमा भी तय की जाये, जिससे प्रोजेक्ट की effective monitoring हो पाये।
13. अगली SSC की बैठक में तय किये गये टारगेट के achievement का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा।
14. प्रमुख सचिव, वित्त द्वारा बताया गया कि IIFM, IISS की स्टडी की timeline तय की जाये, जिससे इन स्टडी से प्राप्त रिपोर्ट के हाइलाइट बिन्दुओं का प्रोजेक्ट में follow up निश्चित समय-सीमा में किया जा सके।

(आर. के. गणेशे)
**अवर सचिव**
मध्य प्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास

क्रमांक/ F-4/11/0099/2021/14-2/(C.n-56600) 1467 भोपाल, दिनांक 7/10/2024

**प्रतिलिपिः-**

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र.शासन, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, म.प्र. शासन
   अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण/वित्त/वन/उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण/पंचायत एवं ग्रामीण विकास/अनुसूचित जाति कल्याण/अनुसूचित जनजाति कल्याण/पशुपालन एवं डेयरी/ महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, म.प्र. भोपाल।
4. सदस्य सचिव, जैव विविधता बोर्ड, भोपाल।
5. कुलसचिव, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)।
6. श्री कोन्डा चावा रेड्डी (Shri Konda Chavva), FAO प्रतिनिधि, नई दिल्ली।
7. Dr. Manoj Mishra, National Technical Coordinator, FAO (NPMU), नई दिल्ली।
8. कलेक्टर जिला श्योपुर एवं मुरैना।
9. संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, संभाग मुरैना।
10. उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला श्योपुर एवं मुरैना।

**अवर सचिव**
मध्य प्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास